26/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारत ने चीन के क़िंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारत संयुक्त दस्तावेज़ की भाषा से संतुष्ट नहीं है और इसमें सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों का कोई उल्लेख नहीं था। ऐसा माना जाता है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दस्तावेज़ का समर्थन करने से इनकार करने के कारण सम्मेलन संयुक्त घोषणापत्र के बिना ही समाप्त हो गया। इससे पहले, श्री सिंह ने एससीओ में मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए आतंकवाद, कट्टरपंथ और उग्रवाद के खिलाफ एकजुट वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया और उन्हें क्षेत्रीय शांति और विश्वास के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया।

0000000000000000000000

आज विश्व स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। यह दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। अरुणाचल प्रदेश में भी इस दिवस को मनाते हुए पूरे राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पापुम पारे जिले में, मादक पदार्थों के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की आठ विधानसभाओं के सदस्यों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आज ईटानगर में राज्य विधानसभा परिसर में शुरू हुआ। संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, लोकसभा सचिवालय और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा द्वारा नियमों, प्रक्रियाओं और कार्य संचालन पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह कार्यक्रम विधायकों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन्हें प्रभावी कानून निर्माण, सार्थक बहस और विधानसभा में जिम्मेदार आचरण के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करता है। राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करेंगे और उन्हें अरुणाचल प्रदेश के लोगों की अधिक दक्षता और समर्पण के साथ सेवा करने में मदद करेंगे।

0000000000000000000000

राज्य के शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने कहा कि निरजुली स्थित NERIST अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और पूर्वोत्तर तथा उससे आगे संवाद के लिए एक मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आज NERIEST में आयोजित मैथमैटिक्ल साइंस और कंप्यूटिंग इनोवेशनस एवं एप्लीकेशनस पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी भागीदारी का उल्लेख करते हुए यह बात कही।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, सहयोग को बढ़ाने और वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो राष्ट्रीय विकास में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

0000000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने घोषणा की है कि अगले साल से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं दो सत्रों में आयोजित की जाएंगी। नए एग्रीमेंट के अनुसार, प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में होगी जो सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगी। इस बीच, मई में होने वाली अगली परीक्षा उन सभी छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण छात्रों को साइंस, मैथ्स, सोशल साइंस और लैंगुएज में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति दी जाएगी।

0000000000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने आज ईटानगर में वरिष्ठ अधिकारियों की 9वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में इस वित्तीय वर्ष के लिए 38 प्रमुख बजट घोषणाओं और 24 प्रमुख कार्य बिंदुओं की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया। गोल्डेन जुबली मॉडल स्कूल और तोरू इंजीनियरिंग कॉलेज जैसी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया।

0000000000000000000000

सीबीएसई का ईटानगर में एक अस्थायी सब-रीजनल ऑफ़िस होगा और यह शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से काम करना शुरू कर देगा। इस संबंध में अरुणाचल प्रदेश के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) और सीबीएसई, रीजनल ऑफ़िस, गुवाहाटी के बीच बुधवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यालय चिम्पू में एससीईआरटी परिसर के भीतर स्थित होगा।

0000000000000000000000

पापुम पारे उपायुक्त विशाखा यादव ने कल जिला शिक्षा विभाग के साथ समीक्षा बैठक के दौरान साफ तौर पर कहा है कि शिक्षकों का वेतन उपस्थिति रजिस्टर के आधार पर दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि, शिक्षा विभाग में अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को बिना बैंक खाते वाले छात्रों की सूची तैयार करने और खाता खोलने की प्रक्रिया को सुगम बनाने का भी निर्देश दिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गीरने और तेज बारीश होने कि संभवना है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के रायांग में दो दिवसीय सैन्य-नागरिक फ़्युजन सेमिनार का आयोन किया गया। संगोष्ठी में सीमा प्रबंधन और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000000